Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007
Participants : Mahajan Smt. Sumitra,Radhakrishnan Shri Varkala

Title: Shortage of LPG in the country.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : महोदय, एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात की तरफ मैं ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूं। यह बात समझ में नहीं आती है कि जब-जब भी कांग्रेस की सरकार आती है, तो हर चीज का अभाव भी हो जाता है और भाव भी बढ़ जाता है। अभी पूरे क्षेत्र में कुकिंग गैस मिल नहीं रही है और दाम तो भी बढ़े ही हैं तथा 21-21 दिनों तक उसकी बुकिंग नहीं लेते हैं। इस सबके बावजूद दूसरी बात यह है कि डीलरों को कंपनियों द्वारा अपना घाटा कम करने के लिए यह जबरदस्ती की जा रही है कि आप अलग-अलग चीजें बेचने के लिए रखो। कहीं डंकन की चाय, कहीं सुरक्षा नली, बर्तन, बासमती चावल दुकान पर रखते थ। इसके लिए डीलर ग्राहकों से जबरदस्ती करता है कि यदि आपको गैस का सिलेंडर चाहिए तो आपको डंकन की चाय तो लेनी ही पड़ेगी। यह डीलरशिप परचून की दुकान बन गई है, लेकिन परचून की दुकान पर हमें जो खरीदना होता है, वह हम खरीदते हैं, लेकिन यहां गैस का सिलेंडर देने के साथ यह जबरदस्ती की जाती है कि ये चीजें भी खरीदी जाएं। जब डीलर से हम शिकायत करते हैं कि हमें ये चीजें नहीं चाहिए तो डीलर कहता है कि हमें ऊपर से थोपा जाता है, हमसे कंपनियां एडवांस चैक लेती हैं कि इतनी चाय आपके पास रखी है और इसका इतना पेमेंट बनता है। इस तरह से सामान्य उपभोक्ता परेशान हो रहा है। मैं सरकार का ध्यान इस तरफ खींचना चाहूंगी कि कंपनियां अपना घाटा पूरा करने के लिए डीलरों द्वारा उपभोक्ताओं को तंग कर रही हैं। पहले ही गैस का सिलेंडर समय पर न मिलना और ऊपर से न चाहते हुए खरीदारी करना, बहुत ही परेशानी का कारण है। इस तरफ सरकार ध्यान दे और इस परेशानी से आम जनता को निजात दिलाए।

MR. CHAIRMAN : I also endorse the view that there is shortage of gas everywhere.